दैनिक
# मेरठ दर्पण
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845
वर्षः 06 अंक 56 मेरठ, बुधवार 08 सितम्बर, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......



एक लाख से ज्यादा (सोशल मीडिया) पाठकों के साथ
दैनिक मेरठ दर्पण परिवार
मेरठ की खबरों से रहे अपडेट हमारे साथ।
अपने क्षेत्र की खबर/समस्या हमे भेजे हम करेंगे प्रकाशित
mrtdarpan@gmail.com meerut darpan
9897419837 meerut darpan news
meerutdarpan.com


## साढ़े चार सालों में 15 सौ से अधिक भ्रष्टाचारियों के खिलाफ हुई कार्रवाईः योगी



**लखनऊ।** योगी सरकार ने राज्य में भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पिछली सरकारों के दौरान प्रदेश में हुए घोटालों में योगी सरकार ने पैनी नजर रखते हुए विभिन्न स्तरों पर कड़ी कार्रवाई की है। अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में किए वादे के अनुरूप भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश की प्रतिब)ता के चलते योगी सरकार महज साढ़े चार सालों में भ्रष्टाचारियों पर कहर बनकर टूटी है। मंगलवार को सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार में आरोपी पाए गए एसडीएम को डिमोट करते हुए तहसीलदार बनाया। इसके साथ ही बड़ी संख्या में भ्रष्टाचार के मामलों के अपराधियों को जेल भेजा। डीएचएफएल से लेकर रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद बाल पुष्टाहार का नियम बदला गया। प्रदेश में स्मारकों के घोटाले में पाए जाने वाले लोगों की गिरफ्तारी की गई। राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए पॉश मशीनों का उपयोग किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में घोटालों के आरोपियों के खिलाफ योगी सरकार ने कड़ी कार्रवाई की है। योगी सरकार में 1500 से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेजा है। इसके अलावा पंचायती राज विभाग के 12 अधिकारियों को निलम्बित किया गया। भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत के लिए आईजीआरएस सीएम पोर्टल भी बनाया गया। बताया कि प्रदेशवासियों की समस्याओं का त्वरित निवारण करने के लिए शुरू की गई 1076 हेल्प लाइन से लोगों को सीधे तौर पर मदद मिल रही है। प्रदेशवासी अब बेझिझक मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर सम्पर्क कर रहे हैं। सीएम हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतों के आधार पर फील्ड में तैनात अधिकारियों के प्रदर्शन का आंकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कई बार साफ कहा है कि अगर जनता इनके कार्यों से संतुष्ट नहीं है तो इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

## मेरठ के सीडीपीओ, मुख्य सेविका व आंगनबाडी कार्यकत्री को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया पुरस्कृत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत कुमार सिंह ने बताया कि राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मंत्री महिला एवं बाल विकास द्वारा पोषण माह सितम्बर 2021 का शुभारंभ लोकभवन सभागार लखनऊ में किया गया। उक्त समारोह में पोषण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद मेरठ के अत्येन्द्र सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी जानी, सुबोध मुख्य सेविका बाल विकास परियोजना सरधना एवं सरिता देवी आंगनबाडी कार्यकत्री, आंगनबाडी केन्द्र पांची खरखौदा को पोषण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कृत किया गया।

## 1400 टीमे घर-घर भ्रमण कर कर रही मलेरिया व कोरोना के संभावित मरीजो का चिन्हांकनः सीएमओ

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन ने बताया कि जनपद मेरठ में 1400 टीम घर-घर भ्रमण कर सर्वे का कार्य कर रही हैं जिसमें कोविड-19 ,मलेरिया, चिकनगुनिया के मरीजों का चिन्हीकरण, टीबी के मरीजों व् लक्षण वाले मरीजों का चिन्हीकरण, 02 वर्ष से कम आयु के बच्चे व गर्भवती महिलाएं जो नियमित टीकाकरण से वंचित हैं या टीकाकरण पूर्ण नहीं है का चिन्हीकरण, 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों जिनका जिनको कोविड-19 का एक भी टीका नहीं लगा है तथा आयुष्मान लाभार्थियों का चिन्हीकरण करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन ने बताया कि जिला मलेरिया अधिकारी टीम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर फोगिंग व एंटी लारवा स्प्रे कराया जायेगा। कार्यक्रम का निरीक्षण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्धडब्ल्यूएचओत्र्, यूनिसेफ तथा पाथ संस्थाएं भी करेंगी। उन्होने बताया कि जनपद में 77 स्थानों पर बूथ बना कर वैक्सिनेशन किया गया है जिसमें 27000 कोविशिल्ड व 3000 कोवैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है आज कुल 30000 लोगों का टीकाकरण किया जाना लक्षित है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन ने बताया कि 06 सितम्बर को विकास भवन सभागार में कार्यक्रम की सफलता हेतु नगर निगम एवं ग्रामीण क्षेत्रों हेतु समस्त पंचायती राज अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया जिससे कि इस कार्यक्रम को वृहद स्तर पर चलाया जा सके। उन्होने बताया कि मेरठ मेडिकल कालेज में समस्त आईएमए एवं नर्सिंग होम एसोसिएशन के चिकित्सकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि टाउन हॉल में नगर निगम एवं पंचायती राज विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण डॉ अशोक तालियान द्वारा दिया गया।

## दिल्ली मेरठ एक्सप्रेवे पर सड़क हादसे में पांच की मौत





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग बुरी तरह घायल है। मरने वालों में एक साल का मासूम भी शामिल है। बताया जा रहा है कि हादसा गाजियाबाद के मसूरी में हुआ। यहां हरिद्वार से लौट रहे एक परिवार की कार को रॉन्ग साइडह्नआ रहे एक तेज रफ्तार कैंटर ने भीषण टक्कर मार दी।ह्नपुलिस ने हादसे के बाद मौके से कैंटरह्नलेकर भागे ड्राइवर को भोजपुर थाना क्षेत्र में गिरफ्तार कर लिया है।ह्न जानकारी के मुताबिक गाजियाबाद के इंदिरापुरम के मकनपुर में रहने वाला परिवार बच्चे का मुंडन कराने हरिद्वार गया था। सोमवार रात वे हरिद्वार से गाजियाबाद लौट रहे थे। कार में 7 लोग सवार थे।ह्नबताया जा रहा है कि जैसे ही उनकीह्न कारह्नमसूरी थाना क्षेत्र में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर पहुंची तोह्नरश्वन्ग साइड से आ रहेह्नतेज रफ्तारह्नकैंटरह्नने अश्वल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी।ह्न इस भीषण सड़क हादसे में 1 साल के मासूम समेतह्न5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग बुरी तरह घायल बताए जा रहे हैं। जिनका नजदीक के अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए।ह्नजिस ट्रक से यह हादसा हुआ, उसे पुलिस ने भोजपुर थाना क्षेत्र में पकड़ लिया है।

## आयुष चपराना का किया गया भव्य स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित चौहान के कार्यालय पर नवनिर्वाचित ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष आयुष चपराना का ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में किया भव्य स्वागत किया और श्री राधा-कृष्ण भगवान की मूर्ति भेट की। इस दौरान साथ रहे भाजपा क्षेत्रीय मंत्री इंद्रपाल बजरंगी, जिला उपाध्यक्ष गौरव सेन, अमित गुप्ता, शिवम चौहान, हर्ष विहान, रोहित कुमार, अंकित विहान, गौतम ,अमित, विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर उप्र ने की नई जनसंख्या नीति की घोषणा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक नई जनसंख्या नीति की घोषणा की गई। वर्ष 2021-2030 की अवधि के लिए घोषित इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य की जनसंख्या पर नियंत्रण लगाना है। चीन के बाद दूसरी सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश होने तथा जनसंख्या वृद्धि दर अधिक होने के कारण देश में समय-समय पर जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए जा चुके हैं। कई राज्यों ने अपने यहां जनसंख्या नियंत्रण से सम्बन्धित प्रावधान लागू किए हैं, जिनमें दो से अधिक बच्चे होने पर पंचायत एवं नगरपालिका चुनावों से प्रतिबंधित किए जाने तथा सरकारी सुविधाओं से वंचित करने के प्रावधान शामिल हैं। इस संदर्भ में देश के सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक वृहद नीति के रूप में जनसंख्या नियंत्रण से सम्बन्धित कदम उठाया जाना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश जनसंख्या नीति की समय सीमा उत्तर प्रदेश सरकार के सतत विकास लक्ष्य विजन 2030 पर आधारित है। नई जनसंख्या नीति की 2026 में मध्यावर्ती समीक्षा भी की जाएगी जिसके तहत लक्ष्यों की प्रगति का आंकलन और आवश्यकतानुसार संशोधन भी किया जाएगा। जनसंख्या नीति में प्रावधानित राज्य अनुसंधान प्रकोष्ठ द्वारा नीतिगत उद्देश्यों की प्राप्ति की निगरानी निश्चित समय पर होने वाले सर्वेक्षणों और अध्ययनों के माध्यम से की जाएगी। यह नीति सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के ध्येय वाक्य पर आधारित है इसमें यह निहित है कि सभी महिलाओं और पुरूषों के साथ-साथ विशिष्ट आवश्यकताओ वाले व्यक्तियों के लिए भी गुणवत्तापूर्ण और व्यापक प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सम्बन्धी सेवाएं उपलब्ध हों, जिसमें हर बच्चा स्वस्थ और शिक्षित हो तथा लैंगिक समानता सुनिश्चित हो। प्रदेश सरकार द्वारा घोषित इस जनसंख्या नीति में सतत् विकास लक्ष्य ष्टिकोण 2030 को ध्यान में रखते हुए कई नीतिगत उद्देश्यों को शामिल किया गया है जैसे-जनसंख्या स्थितिकरण का लक्ष्य प्राप्त करना, निवारण योग्य मातृ मृत्यु और बीमारियों का उन्मूलन करना, नवजात और पाँच वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की निवारण योग्य मृत्यु को समाप्त करना और उनकी पोषण स्थिति में सुधार करना, किशोर-किशोरियों के लिए यौन और प्रजनन स्वास्थ्य और पोषण से सम्बन्धित सूचनाओं और सेवाओं में सुधार करना, वृद्धों की देखभाल और कल्याण में सुधार करना। सिविल सोसायटी और अन्य हित धारकों के साथ सहयोग और साझेदारी को मजबूत करना, सुधार के लिए एकी त निगरानी और डेटा का उपयोग और नीतिगत उद्देश्यों की प्राप्ति का मूल्यांकन करने के लिए समय-समय पर सर्वेक्षण किया जाना आदि। उत्तर प्रदेश के जनसांख्यिकीय और स्वास्थ्य परि श्य के आंकलन से पता चलता है कि राज्य अपने जनसंख्या स्थिरीकरण लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर है।

# शिक्षा उत्थान में योगदान के लिए प्रधानाचार्य सम्मानित



**मेरठ दर्पण-बिनौली।** बुढेडा के श्री नेहरू स्मारक इंटर कालेज में हुए सम्मान समारोह में शिक्षकों व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने प्रधानाचार्य कृष्णपाल सिंह को सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ सर्वपल्ली राधा ष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीत, नृत्य, हास्य नाटिका आदि सांस्‍ तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षकों व आसपास के गांवों से आये गणमान्य नागरिकों ने प्रधानाचार्य ष्णपाल सिंह को शिक्षा के उन्नयन में अमूल्य योगदान के लिए स्मृति चिंह व शाल देकर सम्मानित किया। विनोद कुमार वर्मा के संचालन में हुए समारोह में मदनपाल सिंह, शिव कुमार शास्त्री, सुशील, बिजेंद्र भाटी, नरेश, प्रवीण प्रधान, नेहा चौधरी, पिंकी, कंवरपाल, मनोज शर्मा, डॉ. मुमताज, कैप्टन महाराम, ब्रजपाल प्रधान आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय छात्र नेताओं ने बनाया सचिन पायलट का जन्मदिन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सचिन पायलेट के जन्मदिवस पर चौधरी चरण सिंह विश्विद्यालय मेरठ में छात्र नेता नुकूल स्याल के नेतृत्व में सचिन पायलेट का जन्मदिन बनाया गया गौरव धामा नैड़ू व रोहित गुर्जर के नेतृत्व में केक काटकर जन्मदिवस को हर्षोल्लास से बनाया गया। जिसमें मौजूद प्रिंस गुर्जर काजीपुर, गुरदीप गुर्जर ,आदेश प्रधान, आकाश भड़ाना, अनुज भड़ाना,नुकूल स्याल,राहुल वर्मा ,दीपांक मोतला दादरी, हर्ष भाटी तजपुरा आदि उपस्थित रहे।

# युवाओं ने थामा समाजवादी पार्टी का हाथ



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मंगलवार को 47 मेरठ कैंट विधानसभा के युवा नेता सन्नी गुप्ता एंव कैंट विधानसभा अध्यक्ष शिवा राजपूत के नेतृत्व में कंकरखेड़ा व मोदीपुरम से दर्जन भर युवाओं ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर एवं पूर्व मंत्री प्रशांत गौतम से मिलकर सम्मान प्राप्त किया। जिसमें नरेश सैनी, वसीम अब्बासी, सचिन कुमार, गौरव चौहान, कपिल चावला, जय किशन वाल्मीकि, पप्पी जाटव, अरुण वाल्मीकि, सुंदर वाल्मीकि, शंकर लहरी, अनिकेत वाल्मीकि, विशाल जाटव, शशिकांत जाटव, संजय शर्मा, अंकुश बाल्मीकि, काव्य चौहान, सावन कुमार, आकाश सिंह, अमन जहर, फरदीन कस्सार, प्रियांशु चौहान, मोहित कुमार, करण सेंतिवाल, कुलदीप मंगवाना, जुल्फिकार सैफी, शुभम गुप्ता, दिनेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, अमन सिंघल, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय मतदाता संघ ने किया नीरज जटोली का भव्य स्वागत



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय मतदाता संघ के मुख्य कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी एवं महासचिव वैध सुरेश कुमार ,युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक, प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली राहुल शर्मा,जितेन्द्र पूनिया,राकेश बाबा ,योगेश गोस्वामी ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भामस अमृत कश्यप,सुधीर राणा ,संजीव त्यागी,पुनित चौधरी, विभोर चौधरी ,सुमित चौधरी आदि साथियों ने नीरज जटौली को जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भाजपा बनाये जाने पर भव्य स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी ने विचार रखते हुये कहा नीरज जटौली भारतीय मतदाता संघ के पदाधिकारी है एक समय वो आयेगा जब सभी राजनीतिक दल भामस के पदाधिकारियों को जिला,प्रदेश और राज्य स्तर पर पद देकर सम्मानित करेगे क्योंकि एक मतदाता राष्ट्र निर्माता है और ये मतदान की ही ताकत है जो आज सपा, बसपा, रालोद,भाजपा ,कांग्रेस,भामस के सक्रिय कार्यकर्ताओं को पद देकर सम्मानित कर रही है।

# शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र को अनमोल रत्न सम्मान





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** लखनऊ में शिक्षक दिवस पर आयोजित एक विशेष समारोह में शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद कुंवर शेखर विजेंद्र को 'उत्तरप्रदेश के अनमोल रत्न सम्मान 2021' से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में केंद्रीय सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्री नारायण राणे मुख्य अतिथि रहे। कुँवर शेखर विजेंद्र, शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ एवं गंगोह के सहसंस्थापक एवं कुलाधिपति हैं। आपके द्वारा पश्चिमी उत्तरप्रदेश में पिछले तीन दशकों में दो विश्वविद्यालय, आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, 100 बेड के हास्पिटल तथा अनेक शिक्षण एवं शोध केंद्रो की स्थापना की गयी है। भारत के प्राचीनतम वाणिज्य एवं उद्योग मंडल एसोचेम ASSOCHAM की राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के कुँवर शेखर सहअध्यक्ष हैं। शिक्षा और अनुसंधान के विकास में आपके महत्त्वपूर्ण योगदान को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। शेखर अनेको बार माननीय राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के साथ विदेश जाने वाले व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडलों में शामिल रहें हैं। कुंवर शेखर विजेंद्र को यह सम्मान उत्तर प्रदेश में समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। आपकी ओर से यह सम्मान शोभित विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ गणेश भारद्वाज एवं नोडल अधिकारी श्री सुनील कश्यप द्वारा केंद्रीय मंत्री के करकमलों से प्राप्त किया गया। विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने कुलाधिपति जी को शिक्षा द्वारा राष्ट्र निर्माण के समाज के अथक प्रयासों के लिये सम्मानित किये जाने पर प्रसन्नता प्रकट की।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत 'स्त्री शक्ति संवाद' कार्यक्रम का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा मेरा शहर मेरी पहल की वर्षगांठ के अवसर पर मिशन शक्ति के अंतर्गत 'स्त्री शक्ति संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयुष गोयल व पीयूष गोयल ने बताया प्राचीन काल से ही समाज में भारतीय नारी का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। नारी के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य राखी त्यागी रही। कार्यक्रम को डा0 सरिता त्यागी, मेरठ कालिज की विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग डा0 अनीता मलिक, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग इस्माइल महिला पीजी कालेज की डा0 ममता सिंह, कवियत्री शुभम त्यागी ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में मेरे शहर मेरी पहल की वर्षगांठ के अवसर पर केक काटा गया तत्पश्चात सभी अतिथियों को तुलसी का पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी शर्मा, अतुल शर्मा, श्रुति रस्तोगी, अंजू पांडे, आदिति चंद्रा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वरिष्ठ कवि डा0 ईश्वर चंद गंभीर ने कविता के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम में, मेरा शहर मेरी पहल के सचिव डा0 विशाल जैन, विपुल सिंघल, एसके शर्मा, प्रिंस अग्रवाल, कैप्टन सीपीएस यादव, एडवोकेट नरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ कवि डा0 ईश्वर चंद गंभीर, पवन त्यागी, अशोक अग्रवाल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मोहिउददीनपुर किसान इंटर कॉलेज मे किया गया पौधारोपण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स मे चल रहें पोषण माह के अंतर्गत आज मोहिउद्दीनपुर किसान इंटर कॉलिज मे शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के फैकल्टी मेंबर्स एवं विधार्थियों द्वारा पोषण पौधरोपण किया गया। जिसमें पौष्टिक फल वाले पौधे अमरुद, आम, जामुन, लीची इत्यादि थे स कार्यक्रम की शुरुआत किसान इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार आत्रेय एवं शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की प्राचार्या डॉ रुचिका गुप्ता द्वारा पौधरोपण कर की गई स पौधरोपण के समय किसान इंटर कॉलेज के विधार्थियो को पोस्टर दिखा कर पोषण के प्रति जागरूक किया गया उनको बताया गया कि किस फल एवं किस भोजन को खाने से हमारा स्वास्थ्य ठीक रहता है घ्र हमें किन -किन श्रोतो से पौष्टिक आहार मिलता है स प्राचार्य अरुण कुमार आत्रेय ने इस कार्यक्रम के लिए शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की प्राचार्या डॉ रुचिका गुप्ता एवं अन्य फैकल्टी मेंबर्स का धन्यवाद किया घ्र कहा कि जितने ज्यादा से ज्यादा पौधे हम लगायेँगे उतना ही पर्यावरण शुद्ध होगा घ्र प्रदूषण कम होगा स शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की प्राचार्या डॉ रुचिका गुप्ता ने वहा उपस्थित सभी विधार्थियो को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया स वही कार्यकारी निदेशक डॉ उर्मिला मोरल ने अपने सन्देश मे कहा कि अगर हम जगह जगह पौधे लगाएं तो काफी बीमारियों से बचा जा सकता है क्योंकि पौधे ही हम लोगों को आक्सीजन प्रदान करता है, प्रदूषण से मुक्ति दिलाता है घ्र एक से बढकर पौष्टिक फल भी प्रदान करता है स उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधार्थी को हर वर्ष अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए स इस कार्यक्रम मे शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स से प्राचार्या डॉ रुचिका गुप्ता, होम साइंस विभागाध्यक्ष पूजा चौधरी, अंकिता शर्मा, संयोजक मनोज कुमार, प्रवेश प्रभारी सोहनवीर वशिष्ठ, बीपीएस विभागाध्यक्ष अंकित चौधरी,अकैडमिक संयोजक डॉ अमित कुमार मोहिद्दीनपुर किसान इंटर कॉलेज से प्राचार्या अरुण कुमार आत्रेय, शारारिक विभाग अध्यक्ष मुकेश चौधरी एवं स्टाफ उपस्थित रहेस

# चौधरी छोटू राम महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी छोटू राम महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार व चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के तत्वाधान में जनपद के महाविद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती वंदन से हुआ। प्राचार्य नरेश कुमार मलिक जी ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया तथा शॉल व स्मृति चिन्ह भेट किए तथा साथ साथ विभिन्न महाविद्यालयों से आए सभी शिक्षकों व समाज के सभी गणमान्यजनों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर वीरपाल निरवाल, माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत, मुजफ्फरनगर, समारोह अध्यक्ष प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा, माननीय कुलपति चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, विशिष्ट अतिथि श्री आलोक यादव ,मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर व प्रोफेसर राजीव कुमार गुप्ता क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ ,डॉ प्रमोद कुमारी , नोडल अधिकारी मुजफ्फरनगर रहे। इस अवसर पर डीएवी कॉलेज, मुजफ्फरनगर, चौधरी छोटूराम महाविद्यालय मुजफ्फरनगर, श्री राम कॉलेज मुजफ्फरनगर व श्री कुंदकुंद जैन महाविद्यालय खतौली तथा स्वामी कल्याण देव कॉलेज बघरा के 75 शिक्षकों को शाल व प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान की श्रंखला में सर्वप्रथम प्रोफेसर नरेश मलिक, प्राचार्य चौधरी छोटू राम महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर, प्रोफेसर शशि शर्मा , प्राचार्या डीएवी कॉलेज मुजफ्फरनगर, प्रोफेसर नीतू वशिष्ठ प्राचार्या श्री कुंद कुंद जैन महाविद्यालय खतौली , प्रोफेसर प्रेरणा मित्तल प्राचार्या श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर को सम्मानित किया गया इसके उपरांत अतिथियों द्वारा सभी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर प्रोफेसर राजीव कुमार गुप्ता जी ने शिक्षकों को कोरोना काल में शिक्षकों द्वारा ई कांटेट तैयार करना तथा छात्र–छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाने के लिए सभी शिक्षकों की सराहना की। सीडीओ आलोक यादव जी ने वर्तमान समय में शिक्षकों कि समाज में भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षक सही प्रकार से छात्र–छात्राओं की टैलेंट को निखार सकते हैं। डॉक्टर वीरपाल निरवाल जी ने जी ने कहा शिक्षक ही भविष्य तथा राष्ट्र निर्माण के निर्माता है अत ज्ञान वान व गुणी शिक्षकों का सम्मान तथा उत्साह वर्धन अति आवश्यक है। प्रोफेसर एनके तनेजा जी ने सभी शिक्षकों को सम्मानित होने पर बधाइयां दी तथा उन्हें छात्र–छात्राओं के उज्जवल भविष्य तथा उच्च शिक्षा को कैसे रोजगार परक बनाएं इस पर विशेष जोर दिया। कोरोना काल में भी शिक्षकों ने पठन–पाठन का कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से जारी रखा इसके लिए उन्होंने सभी शिक्षकों का उत्साह वर्धन किया तथा कहा कि उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए क्या क्या संभावनाएं है इस पर भी उन्होंने विस्तार पूर्वक अपने विचार रखे। नोडल अधिकारी डॉ प्रमोद कुमारी ने भी सभी शिक्षकों को सम्मानित किए जाने पर बधाई दी।

# रोटरी क्लब समर्पण ने लगाया रक्तदान शिविर



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर समर्पण ने स्वर्गीय रो राजेश वर्मा जी की स्मृति में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें क्लब के सभी मेंबर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रक्त दान किया । क्लब के अध्यक्ष रो नियम शर्मा ने सभी लोगों का धन्यवाद दिया जिन्होंने रक्तदान किया या जो लोग वहाँ जुटे , उन्होंने बताया कि रक्तदान एक महादान है । इसका आयोजन सिविल हश्वस्पिटल के ब्लड बैंक में किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक रो नीरज कौशिक ,रो विजय मित्तल , रो अंकुश अगरवाल ,रो सारांश वर्मा रहें ।इस शिविर में स्वर्गीय राजेश वर्मा जी की धर्मपत्नी , दामाद अंकित मेयर, बेटी गुंजन मेयर , बेटा सारांश वर्मा भी शामिल रहें और इसके अलावा आशुतोष शर्मा ,अमित धीमान ,अर्पित अग्रवाल ,अंकित मित्तल ,अवनीश बंसल भी उपस्थित रहें।

# बीएसए के निरीक्षण के दौरान काफी कम बच्चे मिले उपस्थित



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ब्लश्वक खतौली के विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान काफी कम बच्चे स्कूल में मिले। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी मायाराम द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खतौली का निरीक्षण किया गया जिसमें कार्यरत 12 स्टाफ के सापेक्ष 09 उपस्थित पाए गए । 2 अध्यापिकाये मैटरनिटी लीव पर एवं एक अध्यापिका आकस्मिक अवकाश पर थी विद्यालय में नामांकित 100 बालिकाओं के सापेक्ष मात्र 19 बालिकाएं उपस्थित थी विद्यालय में बालिकाओं के लिए समस्त सुविधाएं उपलब्ध है पाठ्य पुस्तके अभी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं जिसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी खतौली को निर्देशित किया गया है कि तत्काल विद्यालय में 6 से 8 तक की समस्त पुस्तकें उपलब्ध कराएं। विद्यालय के कक्षा में शिक्षण चित्रण ६ अध्यापिकाओ द्वारा किया गया है कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के बाद प्राथमिक विद्यालय फैंसी नंबर 2 का भी निरीक्षण किया गया जिसमें समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। विद्यालय में नामांकित 125 छात्र–छात्राओं के सापेक्ष 85 छात्र छात्राएं उपस्थित मिले समस्त छात्र छात्राओं को कोविड–19 का पालन करते हुए बैठाया गया था विद्यालय में पठन–पाठन सुचारू रूप से चलता हुआ पाया गया।

# नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन



**मेरठ दर्पण–ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद स्तर पर राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर,2021 एवं नवनिर्मित आंगनबाडी केन्द्रों के उद्घाटन कार्यक्रम जिला पंचायत व नगर पालिका अध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ। शासन द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ माह सितम्बर के प्रथम सप्ताह में किया जाना था जिसके अनुपालन में आज पूर्वान्ह 11:30 बजे जनपद स्तर पर राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर,2021 एवं नवनिर्मित ऑगनबाडी केन्द्रो के उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथि वीरपाल सिंह निर्वाल व नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमति अंजू अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात पोषण गान एवं पोषण शपथ ली गयी। उक्त अवसर पर 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गयी एवं 11 से 14 वर्ष की स्कूल न जाने वाली 5 किशोरी बालिकाओं को पोषण पोटली का वितरण किया गया। साथ ही 5 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सहजन के पौधे वितरित किये गए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण रंगोली एवं पोषण तस्तरी का भी प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आलोक कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं प्रशासन आलोक कुमार तथा कन्वर्जेन्स विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# व्यापारी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष ने की बैठक



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** प0उ0प्र0 संयुक्त व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विजय ओबरश्वय के कार्यालय पर निकट काली माता मन्दिर सदर बाजार मेरठ कैन्ट पर होने वाले 9 तारीख को होने वाले व्यापारी सम्मेलन में जोर दार तैयारी करते हुए और सभी पदाधिकारियों और सभी कार्यकर्ता अपने अपने विचार रखे ताकि अपना शक्ति पदर्शन हम लोग दिखा सखे इस चीज को लेकर अपने अपने विचार अपने अपने मत्त रखे। इस दौरान जिला सचिव वामिक जिया , जिला सचिव गौरव वासु , जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक तकसालिया , जिला मीडिया प्रभारी आकाश चौहान , कैन्ट अध्यक्ष समीर शाहिद पठान , कैन्ट महामंत्री आमिर चौधरी , कैन्ट प्रभारी शमीम खान , वार्ड 8 अध्यक्ष अकरम खान , समीर खान आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय सहसंयोजक बनने पर चिराग गुप्ता को दी बधाई



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय पर प्रदेश सह संगठन मंत्री कर्मवीर जी द्वारा भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश का सहित्य एवं प्रचार विभाग का क्षेत्रीय सह संयोजक बनाए जाने पर चिराग गुप्ता की मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# खतौली पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक बदमाश गोली लगने से घायल, एक फरार




मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** खतौली थाना प्रभारी यशपाल सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा निरंतर सराहनीय कार्य अंजाम दिए जा रहे हैं। जबसे उन्होंने खतौली कोतवाली की बागडोर संभाली है तब से उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपनी कार्यकुशलता को जगजाहिर कर के दिखाते हुए बदमाशों को सबक सिखाया है तथा चोरी के वाहन काटने व अपराध करने वालों को सबक सिखाया साथ ही मुठभेड़ों में अपराधियों को उन्हीं की भाषा में सबक सिखाया जा रहा है इसी क्रम में आज उन्होंने एक और बेहतरीन कार्य को अंजाम देते हुए तथा पुलिस के इकबाल को बुलंद करते हुए एक और अपराधी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है आलाअधिकारियों ने इस गुड वर्क पर उनकी पीठ थपथपा कर शाबाशी दी है। खतौली थाना प्रभारी यशपाल सिंह व एसआई रविंद्र परिहार व उनकी टीम के द्वारा एक शातिर जानकी प्रवाह किये बगैर आमने सामने की मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर,टॉप टेन व सक्रिय बदमाश को खतौली थाना क्षेत्र के बुवाडा कला रोड पर पुट्ठा गांव के जंगल में चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में पैरों में गोली मारकर गिरफ्तार किया है। तथा वही पकड़े गये बदमाश का एक साथी मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा है। पकड़ा गया बदमाश जानसठ थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर वे टॉप 10 बदमाश बताया जा रहा है।जिसके खिलाफ अलग अलग गंभीर मामले जानसठ व शहर कोतवाली व अन्य थाने क्षेत्र के 16 मुकदमे भी दर्ज बताए जा रहे हैं पकड़ा गया बदमाश एक शातिर किस्म का बदमाश बताया जा रहा है। पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया घायल बदमाश का नाम शमीर उर्फ सोनू उर्फ झींगा पुत्र समीम निवासी कस्बा जानसठ थाना जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। मुठभेड़ में पकड़े गए बदमाश समीर से खतौली पुलिस ने एक मोटरसाइकिल व एक तमंचे 315 बोर,एक खोका 315 व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया हैं। तो वही देखा जाए तो खतौली थाना पुलिस टीम की एक बड़ी सफलता ही कही जाएगी जो इतना बड़ा शातिर बदमाश को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है।

## बच्चों के आधार कार्ड बनवाने में तेजी लाने के लिए एडीएम आलोक कुमार ने दिए निर्देश

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** आधार कार्ड समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा बच्चों के आधार कार्ड बनाने में तेजी लाने के लिए कहा है। मंडला आयुक्त लोकेश एम एवं जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह के निर्देशों के क्रम में आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आलोक कुमार द्वारा आधार कार्ड की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी महोदय ने समस्त अधिकारियों को 0 से 5 वर्ष एवं 5 से 14 वर्ष की आयु के बालक एवं बालिकाओं के शत प्रतिशत आधार कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया। अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ब्लश्कक वार बच्चों का विवरण प्रवर अधीक्षक डाकघर एवं जिला अग्रणी प्रबंधक को उपलब्ध कराया जाए जिससे कि बच्चों के आधार कार्ड के कार्य में तेजी लाई जा सके साथ ही अपर बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को ब्लश्कक स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के कार्य में प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु तथा अधिक से अधिक संख्या में आधार कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया। उक्त बैठक में प्रवर अधीक्षक डाकघर, प्रधानाचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, अपर बेसिक शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।



## पिता और दो बेटों को कोर्ट ने सुनाई सजा

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** घेर में घुस कर हमला कर दो लोगों को घायल करने के मामले में आरोपी अशोक व उसके दो बेटों को 5 वर्ष की सजा व 12-12 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। बताया गया है कि गत14 जनवरी 2016 को थाना मंसूरपुर के ग्राम नावला में घेर पर कब्जा करने के इरादे से घर मे घुस कर घेरदार व लाठी से हमला करने के मामले में आरोपी अशोक उसके पुत्र अतु व अनुज को 5 वर्ष की सजा व 12-12 हजार का जुर्माना किया गया है। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट 3 अनिल कुमार की कोर्ट में हुई। अभियोजन की ओर से एडीजीसी कमल कान्त ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार गत 14 जनवरी 2016 को ग्राम नावला में अपने घेर में बैठे वादी रघुवंश व उसके भाई सतपरकाश पर हमला कर घायल कर दिया ओर गालीगलौच की थी।

## सीओ सदर बने कृष्ण कुमार, सीओ क्राइम के पद पर पहुंचे हेमंत कुमार

ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी अभिषेक यादव द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुढ़ बनाए जाने के लिए सीओ सदर हेमंत कुमार को सीओ क्राइम बनाया गया है, वहीं दूसरी ओर जनपद में पधारे सहायक पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार को सीओ सदर की जिम्मेदारी सौंपी है।



# व्यापार बंधु की बैठक में उठी समस्याओं के समाधान के आदेश दिए डीएम ने

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** लोकवाणी सभागार में व्यापार बंधु एवं व्यापार कल्याण बोर्ड की बैठक आहूत की गई। इसमें व्यापारियों द्वारा रखी समस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकवाणी सभागार में व्यापार बंधु एवं व्यापार कल्याण बोर्ड की बैठक जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई। उक्त बैठक में जनपद के व्यापारी गणों ने प्रतिभाग करते हुए शहर की विभिन्न समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। वरिष्ठ व्यापारी नेता राहुल गोयल ने व्यापारियों की समस्या को बहुत बारीकी से अवगत कराया और बताया कि इस मंदी के दौर पर व्यापार ना होने की वजह से व्यापारी बहुत परेशान है। शिशु कांत गर्ग अध्यक्ष नगर पालिका व्यापार मंडल ने जीएसटी संबंधित व्यापार में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। व्यापारी नेता ष्ण गोपाल मित्तल ने नगर पालिका की कई सारी समस्याओं से जिलाधिकारी को बताया। व्यापारी नेताओं ने ने भी अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने जल्द समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया व्यापारी बंधुओं ने मीनाक्षी चौक से शिव चौक, रुड़की रोड, होली एंजेल्स रोड पर गड्ढों की समस्या एवं पानी की निकासी की समस्या तथा मीनाक्षी चौक से रुड़की रोड उप केंद्र तक सड़क के किनारे आने वाले विद्युत खंभों एवं ट्रांसफार्मर को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरण करने हेतु निवेदन किया गया। इसी के साथ व्यापारी बंधुओं द्वारा कोरोना कश्वल में व्यापारियों को हुए नुकसान के ष्टिगत स्कूल फीस में छूट प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया गया। उक्त बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को उनके निस्तारण हेतु आदेशित किया तथा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर को सिटीजन चार्टर के बैनर लगवाए जाने तथा उसको फश्वलो किए जाने हेतू भी निर्देशित किया। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशांत कुमार एवं अन्य विभागीय अधिकारी गणों के साथ व्यापारी बंधु के सदस्य भी उपस्थित रहे उपस्थित रहे।




# अवैध खनन पर कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर-ट्राली सीज



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** खतौली के बुआड़ा कलां गांव और खुर्द में जेसीबी लगाकर खनन कर मिट्टी को प्लाटों में डाला जा रहा था। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर चालकों को पकड़कर पूछताछ की तो वह खनन के कागजात नहीं दिखा सके।मिट्टी लदी तीन ट्रैक्टर-ट्राली को सीज किया गया है। एसडीएम ने तहसीलदार को जुर्माना तय करने के निर्देश दिए हैं। खतौली देहात में मुबसरा कमर पत्नी आमिर अहमद निवासी सेक्टर-11 शास्त्रीनगर, प्रदीप कुमार गोयल निवासी पनापुरी गढ़ रोड हापुड़, अफजाल निवासी मोहल्ला सराय तुलसीराम, जानसठ, मेहरबान, नादिर निवासी इस्लानगर खतौली के नाम 0.1740 हे. भूमि दर्ज है। एसडीएम इंद्राकांत द्विवेदी ने बताया कि जांच में सामने आया है कि उक्त लोग भूमि पर मिट्टी का भराव कर रहे हैं। इसके लिए बुआड़ा कलां एवं खुर्द में जेसीबी लगाकर खनन किया जा रहा है। सोमवार को राजस्व टीम ने यहां जांच की तो खनन अवैध मिला है। मौके पर ट्रैक्टर चालक फरमान, नौमान व आकिल खनन आदि के संबंध में कोई पत्रावली नहीं दिखाई। ऐसे में राजस्व टीम ने तीनों ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर तहसील परिसर में खड़ा कराया है। एसडीएम ने बताया कि जांच के बाद तीनों ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया गया है, जहां भराव हो रहा था, वहां प्लाटिग के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा था, जिसकी जांच कराई जा रही है।

## मदरसा फैजूल उलूम मे वैक्सीनेशन कैप का सफल आयोजन



मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** गोल्डन हार्ट फाउण्डेशन ट्रस्ट व जिला चिकित्सालय द्वारा टीम के सौजन्य से मदरसा फैजूल उलूम मे वैक्सीनेशन कैप का सफल आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन प्रमोद त्यागी द्धजिलाध्यक्ष,सपात्र ने फीता काट कर किया। कैंप में महिलाओं और पुरूषों ने कोविशील्ड वैक्सीन की प्रथम और द्वितीय 300 डोज लगवाई गई। वैक्सीनेशन कैंम्प में मुख्य रूप से चेयरमैन मरगूब इलाही, महासचिव सरताज अहमद ट्रस्ट के संरक्षक हाजी तस्लीम कौसर, उपाध्यक्ष आरिफ खान उपाध्यक्ष महबूब आलम, वाइस चेयरमैन बाबर हसन, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार बंसल, सचिव इदरीश खान सचिव चौधरी रिफाकत बेग,मोहम्मद इरशाद, कारी मोहम्मद मोनिश, कानूनी सलाहकार आरिफ अली, सचिव आसिफ खान,खाद्य रसद मंत्री मोहम्मद शहजाद अब्बासी,साजिद अब्बासी,राशिद अब्बासी,शौकीन अब्बासी,डॉक्टर नईम खानें, यूसुफ अब्बासी पत्रकार अमन कुमार सिटी हलचल आदि का सहयोग रहा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।